# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,

इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

Email Id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2762611


पत्रांक–2249/ FP/UK/ROAD/37612/2018 देहरादून: दिनांक 16 जून, 2021.

सेवा में,

वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त,
देहरादून।

विषयः– जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत रानगाँव से नाहींकला तक मार्ग के निर्माण हेतु 3.238 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः–आपकी पत्र संख्या 2311/12–1(1) दिनांक 05–06–2021.

महोदय,

कृपया अपने उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयांकित प्रकरण में प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून के पत्रांक 4928/12–1 दिनांक 01–06–2021 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि प्रकरण में भारत सरकार द्वारा उठाई गयी आपत्तियों/कमियों का क्रमवार निराकरण उनके कॉलम के सम्मुख स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना अपेक्षित है। आपके द्वारा मात्र प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या को ही अग्रेषित कर दिया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी के उक्त पत्र दिनांक 01–06–2021 के द्वारा प्रेषित आख्या अपूर्ण एवं अस्पष्ट है। कृपया आख्या इस कार्यालय को प्रेषित किये जाने से पूर्व विभिन्न बिन्दुओं का भली–भाँति अवलोकन करने के उपरान्त स्वयं सन्तुष्ट होने के पश्चात् ही आख्या इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण का ससमय निस्तारण किया जा सके एवं अनावश्यक पत्राचार न करना पड़े।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि भविष्य में सभी प्रकरणों में सम्बंधित बिन्दुओं का स्पष्ट प्रतिउत्तर/आख्या उनके कॉलम के सम्मुख अंकित कर इस कार्यालय को अपनी संस्तुति सहित उपलब्ध करायी जाय।

भवदीय,

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

संख्या :–2249 FP/UK/ROAD/37612/2018 तद्‌दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून को उनके पत्रांक 4928/12–1 दिनांक 01–06–2021 के क्रम में।
2. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।